सब की खबर

# जनगाथा टाइम्स

वर्ष : 06 ■ अंक: 134 ■ शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 ■ पृष्ठ : 08 ■ मोबाइल: 98881-91277 ■ editor@jangathatimes.com ■ www.jangathatimes.com ■ RNI NO.PUNHIN/2018/75723 मूल्य 3 रुपए


## विचार

दोस्ती और विरोध दोनों अस्थायी होते हैं, लेकिन इज्जत हमेशा के लिए रहती है। आइए समाज में ऐसे संस्कार विकसित करें जहाँ हर कोई, परिस्थितियों से परे, एक-दूसरे के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करे।

- राज सुखदेव






## न्यूज विंडो

### अमृतसर में कलयुगी बेटे और बहू ने मां को घर के बाहर जंजीरों से बांधा, तड़पती रही महिला



**अमृतसर**

शहर में मानवता को झकझोर देने वाला एक मामला सामने आया है, जहां 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला को उनके ही बेटे और बहू द्वारा कथित तौर पर पिछले 20 दिनों से जंजीरों से बांधकर घर के बाहर रखा गया। घटना के उजागर होने के बाद पंजाब राज्य महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रशासन को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, कुछ दिन पहले समाजसेवी संस्था ह्यजस्ट सेवा सोसाइटीह्न ने हस्तक्षेप कर बुजुर्ग महिला को जंजीरों से मुक्त कराया था और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया था। लेकिन आरोप है कि बाद में बेटे और बहू ने दबाव बनाकर उन्हें अस्पताल से जबरन छुट्टी दिला दी और फिर से घर के बाहर जंजीरों से बांध दिया। महिला की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है और उनका वजन घटकर करीब 25 किलो रह गया है। यह भी आरोप है कि उन्हें पर्याप्त भोजन तक नहीं दिया जा रहा था। पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन ने इस घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर और पुलिस कमिश्नर को पत्र जारी किया है। आयोग ने ह्यसीनियर सिटीजन एक्टह्न के तहत तत्काल जांच शुरू करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने प्रशासन को स्पष्ट रूप से कहा है कि बुजुर्ग महिला को तुरंत किसी वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में सुरक्षित स्थान या अस्पताल पहुंचाया जाए। साथ ही, आरोपी बेटे और बहू के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, महिला आयोग ने पूरे मामले में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट 20 अप्रैल 2026 तक ईमेल के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा है। यह मामला सामने आने के बाद इलाके में रोष का माहौल है और लोग दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# लोकसभा में पास नहीं हुआ महिला आरक्षण बिल, सरकार को नहीं मिला दो-तिहाई भी बहुमत

**नई दिल्ली**

लोकसभा में सरकार को दो-तिहाई बहुमत न मिलने पर महिला आरक्षण बिल गिर गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इस बिल पर विचार करने पर मत विभाजन के दौरान पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। उन्होंने कहा कि अब इस बिल पर आगे की कार्यवाही पर फैसला संभव नहीं है, क्योंकि यह बिल विचार करने के लिए पेश किए जाने के लेवल पर ही गिर गया है। वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने अन्य दो बिल भी आगे न बढ़ाने की बात कही। विपक्ष के विरोध के बाद लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 पर मतदान किया गया। संविधान संशोधन विधेयक पर ध्वनि मत से नहीं, बल्कि



मत विभाजन के जरिए मतदान होता है, यानी यह स्पष्ट करना होता है कि कितने वोट समर्थन या विरोध में पड़े हैं। संविधान के अनुच्छेद 368 के उपबंधों के अनुसार, सभा की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा और सभा के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम से कम दो तिहाई बहुमत द्वारा विधेयक पारित नहीं हुआ। इससे पहले केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बिल पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि मैं इस देश की मातृशक्ति से कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी की अनुपस्थिति में कांग्रेस पार्टी ने जो प्रस्ताव रखा है, वह एक सुनियोजित जाल है, ताकि महिला आरक्षण को 2029 से पहले लागू न होने दिया जाए। इसलिए ये जो कहते हैं कि हमारे राज्यों को समान भार होना चाहिए, मैं सहमत हूं। महिला आरक्षण 2029 से पहले होना चाहिए। 2029 के बाद ले जाने के लिए इनके षड्यंत्र को हम सफल नहीं होने देंगे। मैं समझता हूं कि अगर ये वोट नहीं देंगे तो महिला आरक्षण बिल गिर जाएगा, लेकिन देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके रास्ते का रोड़ा कौन है। उन्होंने कहा कि मैं यहां संविधान की नीतियों को स्पष्ट करना चाहता हूं। भारतीय संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण को स्वीकार नहीं करता है। इंडिया महागठबंधन वाले तुष्टिकरण की राजनीति के कारण मुस्लिम आरक्षण की मांग खड़ी करना चाहते हैं और ये संविधान की बात करते हैं। कोई मुझे बता दे कि संविधान के किस अनुच्छेद में धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान है। भारतीय संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण को मान्यता नहीं देता है। इसके बावजूद, तुष्टीकरण की राजनीति से प्रेरित होकर, इंडिया महागठबंधन मुसलमानों के लिए आरक्षण की मांग कर रहा है, जबकि वे अपने इस रुख के समर्थन में संविधान का हवाला भी दे रहे हैं।

# ईरान ने पूरी तरह खोला होर्मुज स्ट्रेट, ईरानी विदेश मंत्री की घोषणा पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा- शुक्रिया

**नई दिल्ली**

युद्ध विराम तक होर्मुज स्ट्रेट खोले जाने की तेहरान की घोषणा के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने ट्रुथ सोशल के जरिए कहा, 'होर्मुज स्ट्रेट व्यापार और पूर्ण आवागमन के लिए पूरी तरह से खुला और तैयार है, लेकिन ईरान के संदर्भ में नौसैनिक नाकेबंदी तब तक पूरी ताकत के साथ प्रभावी रहेगी, जब तक कि उनके साथ हमारा समझौता शत-प्रतिशत पूरा नहीं हो जाता। यह प्रक्रिया बहुत जल्द पूरी होनी चाहिए क्योंकि अधिकांश बिंदुओं पर पहले ही बातचीत हो चुकी है। इस मामले पर ध्यान देने के




लिए धन्यवाद!'

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट खोले जाने पर खुशी जाहिर करते हुए ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'ईरान ने अभी-अभी घोषणा की है कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह से खुला है और यातायात के लिए पूरी तरह से तैयार है।'

**ईरान के विदेश मंत्री ने क्या कहा**

ईरान के विदेश अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया एक्स पर होर्मुज स्ट्रेट को खोले जाने की घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में लिखा, 'लेबनान में युद्धविराम के अनुरूप होर्मुज स्ट्रेट से सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग युद्धविराम की शेष अवधि के लिए पूरी तरह से खुला घोषित किया जाता है।' इस दौरान ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ समुद्री प्रतिबंध अभी भी लागू हैं और जहाजों को ईरानी अधिकारियों द्वारा पहले से बताए हुए मार्ग पर चलना आवश्यक है।

**होर्मुज खुलने के बाद तेल की कीमतों में गिरावट**

ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट खोले जाने की घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रेंट क्रूड 11.12 डॉलर गिरकर 88.27 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। वहीं अमेरिकी हळ्क क्रूड 11.40 डॉलर गिरकर 83.29 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। उधर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि मिडिल-ईस्ट में मर्चेंट जहाजों की सुरक्षा के लिए फ्रेंच नेवी तैनात की जाएगी। यह कदम समुद्री व्यापार को सुरक्षित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन रास्तों पर सुरक्षित वैश्विक सप्लाई और तेल व्यापार के लिए बेहद जरूरी है।


स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक, राजेंद्र कुमार के द्वारा नारैन प्रिंटिंग प्रेस कश्मीरी बाजार होशियारपुर पंजाब से छपवाकर, शंकर नगर नजदीर रेलवे स्टेशन होशियारपुर से प्रकाशित किया। सम्पादक राजेंद्र

# रन ऑफ यूनिटी के प्रति सभी तैयारियां मुकंमल-परमजीत सचदेवा

## 19 अप्रैल को सुबह 6.30 वजे एसएसपी दिखाएगे हरी झंडी

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**रूपिंदर**

जीएनए यूनिवर्सिटी, फिट बाइकर क्लब, सचदेवा स्टाकस और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास में 19 अप्रैल रविवार को रन ऑफ यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है जिसके प्रति सभी तैयारियां मुकंमल कर ली गई है,यह जानकारी कलब के प्रधान परमजीत सिंह सचदेवा ने दी। उन्होंने बताया कि इस रन आफ यूनिटी का थीम पंजाब सरकार की नशे खिलाफ चलाई जा रही मुहिंम है। प्रधान परमजीत सचदेवा ने बताया कि इस आयोजन के लिए जो पहले 500 लोग रजिस्ट्रेशन करवाएगे उन्हे कलब की तरफ से टी-शर्ट दी जाएगी, यह रन आफ यूनिटी सचदेवा स्टाकस के बूलावाड़ी स्थित दफतर से शुरू होगी, सुबह 6 वजे



टी-शर्ट देनी शुरू की जाएगी जिसके बाद 6.30 वजे एसएसपी संदीप मलिक हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना करेंगे, बूलावाड़ी से शिमला पहाड़ी चौंक, माल रोड़ से होते हुए सदर थाना चौंक और फिर योधा मल रोड़ से होते हुए सचदेवा स्टाकस के दफतर में आकर यह रन आफ युनिटी समाप्त होगी। इस अवेंट में भाग लेने वाले सभी लोगों के लिए रिफरेंशमैंट का प्रबंध किया गया है। परमजीत सचदेवा ने कहा कि यह दौड़ फिटनेस के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। परमजीत सचदेवा ने आगे कहा कि क्लब हमेशा से सामाजिक और फिटनेस से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है और रन ऑफ यूनिटी भी उसी कड़ी का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने जिला प्रशासन और जीएनए यूनिवर्सिटी का सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके गुरमीत सिंह जीएनए युनिर्वसिटी, उत्तम सिंह साबी, रणवीर सिंह सचदेवा, ओकांर सिंह, सौरव शर्मा, दौलत सिंह, रोहित बसी, संजीव सोहल भी मौजूद रहे।

# विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा, सेहत कार्ड बनाने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**हैप्पी कलेर**

डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स में बैठक कर जिले में चल रही योजनाओं, कार्यक्रमों और विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ अंतिम स्तर तक पहुंचाने के लिए कार्यों की लगातार निगरानी और समीक्षा सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत कार्ड बनाने की प्रक्रिया को और तेज करने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि जिले में अब तक 2.60 लाख कार्ड बनाए जा चुके हैं, जबकि शेष परिवारों के लिए गांवों में विशेष कैंप लगाकर प्रक्रिया को गति दी जा रही है।



डिप्टी कमिश्नर ने ड्रग और सामाजिक-आर्थिक जनगणना की तैयारियों का भी जायजा लिया और कहा कि यह प्रक्रिया जल्द शुरू होगी, जिसके लिए गणनाकारों को मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को समय रहते पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा कर तैयारियां पूरी करने को कहा। उन्होंने टांडा के गांव रड़ा में गाइड बांध और गांव मोतला-मेहताबपुर में ब्यास नदी के बाएं किनारे बांध निर्माण कार्यों को तेज करने तथा संबंधित रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा ह्यमेरा घर मेरा नामह्ल, ई-रजिस्ट्रेशन, बकाया इंतकाल, फसलों के डिजिटल सर्वेक्षण, माइनिंग और जल आपूर्ति समेत विभिन्न विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

# शिक्षा क्रांति से विद्यार्थियों को मिला बड़ा लाभ : जिंपा

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**हैप्पी कलेर**


विधायक जिंपा ने सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेलवे मंडी में आयोजित सालाना समागम में शिरकत करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा शिक्षा क्रांति के तहत उठाए गए कदमों से विद्यार्थियों को व्यापक लाभ मिल रहा है और सरकारी स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल में करीब 20 लाख रुपए की लागत से बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है, जिसमें वर्चुअल रियलिटी



लैब, एनएसक्यूएफ लैब और भवन सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल हैं। इन सुविधाओं से विद्यार्थियों को आधुनिक और प्रैक्टिकल शिक्षा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स और नीट जैसी परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के दौरान पढ़ाई और खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन व स्टाफ ने मेहमानों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को स्कूल बैग, पेन व रजिस्टर वितरित किए गए।

# ईरान से डील हुई तो पाकिस्तान जाएंगे डोनाल्ड ट्रंप, शहबाज शरीफ और असीम मुनीर के पढ़े कसीदे

**वाशिंगटन** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम और युद्ध को लेकर एक बड़ा और चौंकाने वाला बयान दिया है। ट्रंप ने खुले तौर पर संकेत दिए हैं कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे विवाद को खत्म करने के लिए कोई शांति समझौता होता है और उस पर इस्लामाबाद में दस्तखत किए जाते हैं, तो वह खुद पाकिस्तान का दौरा कर सकते हैं। अपने इस बयान के साथ ही ट्रंप ने पाकिस्तानी नेतृत्व की जमकर तारीफ कर कूटनीतिक गलियारों में नई हलचल पैदा कर दी है।




**ह्यवो मुझे बहुत चाहते हैंह्ल, ट्रंप ने की पाकिस्तानी पीएम और आर्मी चीफ की तारीफ**

नेवादा और एरिजोना की यात्रा पर रवाना होने से पहले व्हाइट हाउस के लॉन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रंप काफी सकारात्मक मूड में नजर आए। उन्होंने पाकिस्तानी नेतृत्व की जमकर तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और वहां के ह्यफील्ड मार्शलह्ल (आर्मी चीफ असीम मुनीर) बहुत अच्छे इंसान हैं। ट्रंप ने अपने चिर-परिचित अंदाज में दावा करते हुए कहा, ह्यशायद मैं पाकिस्तान जाऊं, क्योंकि वे लोग मुझे बेहद चाहते हैं और वहां के अधिकारी भी मेरी यात्रा के भारी इच्छुक हैं।ह्ल इसके साथ ही ट्रंप ने शांति प्रक्रिया में मध्यस्थ के तौर पर पाकिस्तान की भूमिका को ह्यबहुत शानदारह्ल और रचनात्मक करार दिया।

# स्वास के आयोजन में दिखा युवाओं का उत्साह, क्रिकेट लीग के जरिए नशे के खिलाफ चला जागरूकता अभियान

## 19 अप्रैल को सुबह 6.30 वजे एसएसपी दिखाएगे हरी झंडी

जनगाथा न्यूज/
**शिमला/सोलन**

स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ शिमला एंड सोलन , रूट्स कंट्री स्कूल द्वारा संचालित, की ओर से 5 दिवसीय एंटी-ड्रग क्रिकेट लीग का सफल आयोजन किया गया। इस लीग का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा खेलों के माध्यम से उन्हें स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

लीग के दौरान प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। 13 अप्रैल को प्रोफेसर ज्ञान चौहान ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मुख्य सुरक्षा अधिकारी विक्रम सिंह ने युवाओं को अनुशासन और फिटनेस का महत्व बताया। भाजपा से जुड़े संजीव वशिष्ठ और संजीव राणा ने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। हिमाचल प्रदेश टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष यदुवीर सिंह चौहान ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।





समापन समारोह में सिविलस्टैप के संस्थापक विनय जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाती हैं। इसी दौरान आयोजित लड़कियों के रोमांचक मुकाबले ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। इस मैच में टीम तरंग विजेता रही, जबकि टीम दीक्षा रॉयल्स उपविजेता बनी।

प्रतियोगिता के फाइनल में टीम हिमालयन आइबेक्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और ₹33,000 का पुरस्कार जीता, जबकि टीम सिंह इज किंग उपविजेता रही और ₹15,000 का पुरस्कार प्राप्त किया।

पांच दिनों तक चले इस आयोजन में खेल भावना के साथ-साथ नशा विरोधी संदेश भी गूंजता रहा। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने का प्रयास जारी रहेगा।

# अपके स्किन पर दिखते हैं यूरिक एसिड बढ़ने के ये चार लक्षण, भूलकर भी न करें नजरअंदाज



जब भी शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने की बात होती है, तो सबसे पहले जोड़ों में दर्द और गठिया का ख्याल आता है। मगर कई बार ये शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने से भी हो सकता है। यूरिक एसिड भोजन के पाचन से उत्पन्न एक प्राकृतिक अपशिष्ट उत्पाद है, जिसे किडनी फिल्टर करके शरीर से बाहर निकाल देती है। लेकिन जब शरीर में यह ज्यादा बनने लगता है या किडनी इसे ठीक से बाहर नहीं निकाल पाती, तो यह क्रिस्टल के रूप में जोड़ों में जमा होकर दर्द और सूजन का कारण बनता है। यूरिक एसिड बढ़ने के मुख्य लक्षण हैं जोड़ों में तेज दर्द, सूजन, लालिमा और गर्माहट, खासकर पैर के अंगूठे में। अन्य लक्षणों में जोड़ों में अकड़न, बार-बार गाउट का दौरा पड़ना, गुर्दे की पथरी बनना, थकान आदि। हालांकि बहुत कम लोग यह जानते हैं कि यूरिक एसिड बढ़ने की वजह से आपकी त्वचा पर भी कई चेतावनी भरे संकेत मिल सकते हैं। इन लक्षणों को अक्सर सामान्य त्वचा की समस्या समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जो आगे चलकर एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या का रूप ले सकता है। इसलिए आइए इस लेख में त्वचा के उन्हीं लक्षणों के बारे में जानते हैं।

**त्वचा के नीचे गांठें बनना** – जब यूरिक एसिड का स्तर लंबे समय तक बहुत अधिक रहता है, तो इसके क्रिस्टल त्वचा के नीचे जमा होने लगते हैं, जिससे सख्त और दर्द रहित गांठें बन जाती हैं। इन्हें टोफी कहा जाता है। ये गांठें आमतौर पर उंगलियों, कोहनी, कान और पैर के अंगूठे के आसपास दिखाई देती हैं। यह क्रोनिक गाउट का एक स्पष्ट संकेत है।

**त्वचा का छिलना और लालपन**

शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने की वजह से सूजन भी बढ़ जाता है, जिसका असर त्वचा पर भी दिख सकता है। इससे त्वचा बहुत रूखी हो सकती है, और पपड़ी बनकर छिलने लगती है। कई बार यह लक्षण सोरायसिस जैसा दिखता है। जिस जोड़ में गठिया का दर्द होता है, उसके आसपास की त्वचा का लाल होना और सूजा हुआ दिखना भी एक आम लक्षण है।

### त्वचा में तेज खुजली होना

कई मामलों में जब क्रिस्टल त्वचा के नीचे जमा होते हैं, तो वे नसों को उत्तेजित कर सकते हैं, जिससे त्वचा में तेज और लगातार खुजली हो सकती है। यह खुजली बिना किसी चकत्ते या दाने के भी महसूस हो सकती है और सामान्य मॉइस्चराइजर से भी ठीक नहीं होती। यह बढ़े हुए यूरिक एसिड का एक कम ज्ञात लेकिन महत्वपूर्ण लक्षण है।


### त्वचा के रंग में बदलाव

जब किसी जोड़ में गाउट का तीव्र अटैक होता है, तो उस जोड़ के ऊपर की त्वचा अत्यधिक लाल, चमकदार और बैंगनी रंग की दिख सकती है। यह त्वचा छूने पर बहुत गर्म और संवेदनशील महसूस होती है। यदि आपको अपनी त्वचा पर इनमें से कोई भी लक्षण दिखे साथ में जोड़ों के दर्द भी हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर अपना यूरिक एसिड लेवल जरूर जांच कराएं।



# सीबीएसई 10वीं रिजल्ट: वी.जे.सी.डी.ए.वी पब्लिक स्कूल का 100% परिणाम, इशमीत कौर ने 98.4% के साथ किया टॉप






**जनगाथा न्यूज/दसूहा**
**मनु रामपाल**

एस.वी.जे.सी.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल ने इस वर्ष सीबीएसई 10वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100% परिणाम हासिल किया है। विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम रहा कि स्कूल ने उत्कृष्ट रिजल्ट देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। परीक्षा परिणाम में इशमीत कौर ने 98.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। राधिका रानी 96.8% अंकों के साथ दूसरे और कनन 95.8% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। पवनीत कौर और स्मृति ने 95.6% अंक लेकर संयुक्त रूप से चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि नवप्रीत कौर 95.4% अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रही। इसके अलावा लवलीन और वंशिका ने 94.6%, नवप्रीत कौर ने 94.2%, हरलीन कौर ने 92.8%, मनकिरत कौर और काव्या ने 91.6%, कनिका शर्मा ने 91.4%, प्राची और जानवी ने 91% तथा परमिंदर सिंह और जशनदीप सिंह ने 90% अंक प्राप्त किए। कुल 17 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल कर स्कूल का मान बढ़ाया। सब्जेक्ट में भी रिकॉर्ड प्रदर्शन इस बार कई विद्यार्थियों ने विषयवार भी शानदार उपलब्धि हासिल की। इशमीत कौर, कनन और पवनीत ने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किए। इशमीत कौर और कनन ने पंजाबी में 100 अंक हासिल किए। इशमीत ने कंप्यूटर में 99, राधिका रानी ने साइंस में 98, स्मृति ने हिंदी और अंग्रेजी में 98 तथा इशमीत ने गणित में 96 अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्या ने दी बधाई इस उपलब्धि पर स्कूल की प्रधानाचार्या रश्मि मैंगी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# मानव एकता दिवस 24 अप्रैल को: दिल्ली में भव्य सत्संग, रक्तदान शिविर भी होंगे आयोजित

**जनगाथा न्यूज/दसूहा**
**मनु रामपाल**



संत निरंकारी मिशन द्वारा बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में ह्यमानव एकता दिवसह्ल 24 अप्रैल 2026 को देश-विदेश में श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। दिल्ली के बुराड़ी स्थित ग्राउंड नंबर-2 में आयोजित होने वाले मुख्य सत्संग में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में श्रद्धालु एकत्रित होंगे। कार्यक्रम में भक्ति, प्रवचन और आध्यात्मिक विचारों के माध्यम से मानव एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। मिशन के अनुसार, इस दिन देश-विदेश की विभिन्न शाखाओं में भी सत्संग आयोजित किए जाएंगे, जहां श्रद्धालु एक साथ जुड़कर मानव एकता का संदेश फैलाएंगे। कार्यक्रम के साथ ही दिल्ली में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। इसमें इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी और विभिन्न अस्पतालों के चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। संत निरंकारी मिशन के पदाधिकारियों के अनुसार, मिशन पिछले चार दशकों से रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय है और हजारों शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई गई है। मुंबई स्थित मिशन का ब्लड बैंक भी लगातार सेवाएं दे रहा है। यह दिवस बाबा गुरबचन सिंह जी और चाचा प्रताप सिंह जी के जीवन आदर्शों को समर्पित है, जिन्होंने सेवा, त्याग और मानवता का संदेश दिया। आयोजन का उद्देश्य लोगों में प्रेम, समरसता और निःस्वार्थ सेवा की भावना को मजबूत करना है।

# नन्हे बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन, 'बेबी शो' में दिखा उत्साह और आत्मविश्वास

**जनगाथा न्यूज/दसूहा**
**मनु रामपाल**





एसवीजेसी डीएवी पब्लिक स्कूल दसूहा में शुक्रवार को 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए ह्यबेबी शोह्ल का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या रश्मि मेंगी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कविता, नृत्य, अभिनय और संवाद प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों ने अभिभावकों और स्टाफ को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे आयोजन में तालियों की गूंज बनी रही और बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। प्रधानाचार्या रश्मि मेंगी ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के बच्चे बेहद प्रतिभाशाली हैं और आवश्यकता उनकी प्रतिभा को पहचानकर सही मंच देने की है। उन्होंने बताया कि ह्यबेबी शोह्ल का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास विकसित करना और उनकी छिपी प्रतिभा को उजागर करना है। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न श्रेणियों–मोस्ट एक्टिव बेबी, हेल्दीस्ट बेबी, स्पार्कलिंग आइज, चबी चीक्स, मोस्ट अट्रैक्टिव बेबी और बेस्ट डांसर–में बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

दसूहा शहर में इस प्रकार का यह अनूठा आयोजन रहा, जिसे अभिभावकों ने भी खूब सराहा।

# रामपाल जठेरों का वार्षिक मेला 19 अप्रैल को, श्रद्धा और भक्ति के साथ होगा आयोजन

**जनगाथा न्यूज/दसूहा**
**मनु रामपाल**



दसूहा/मुकेरियां। क्षेत्र के गांव ऐमा मागंत के नजदीक स्थित पिंड पडोरीं में 19 अप्रैल (रविवार) को रामपाल जठेरों का वार्षिक जोड़ मेला बड़ी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। यह स्थान दसूहा से करीब 7 किलोमीटर और गांव ऐमा मागंत से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मेले के दौरान सुबह से ही श्रद्धालुओं का जुटना शुरू हो जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा-अर्चना से होगी, जिसके बाद कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रमों के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का भी प्रबंध किया गया है। आयोजकों के अनुसार, हर साल की तरह इस बार भी इलाके के बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंचकर माथा टेकेंगे और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मेले को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। मेले से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सन्नी रामपाल से मोबाइल नंबर 9878781681 पर संपर्क किया जा सकता है।


SINCE 1958
St. Soldier
DIVINE PUBLIC SCHOOLS
LEADING CHAIN OF 33 SCHOOLS IN INDIA
B Academics
Sports
E Culture
Values
S Discipline
Teachers
T Infrastructure
ADMISSION OPEN 2026-27
FROM PRE-NURSERY ONWARDS
www.stsoldiergroup.com /stsoldiergroup
Come and Be a Part of World Class School Education at St. Soldier Divine Public Schools, Caring Teachers, Bright Students, Best Academic Results, Sports and Cultural Activities, KiDZ Paradise for tiny tots, Every Child deserve the education at St. Soldier Divine Public Schools.
HOSHIARPUR ZONE:
LAXMI ENCLAVE 01882-249622 PRINCIPAL - 9517929001, UNA ROAD 01882-236973, PRINCIPAL - 9464730881, TANDA: 01886-222680, PRINCIPAL - 9417246477, GARHDIWALA: 01886-261943, PRINCIPAL - 9417966958, MAHILPUR: 01882-245729, PRINCIPAL - 9569629339, CHABBEWAL: 01882-271443, PRINCIPAL - 9814312062, GARHSHANKAR: 01884-284154, PRINCIPAL - 9463778782
CORP. OFFICE : 680-L MODEL TOWN, JALANDHAR
M: 98140-03681, 98140-03652, 98143-45025

# पैरोल से लौटे युवक की जेल में रहस्यमयी मौत, परिजनों का फूटा गुस्सा

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**मोहित हीर**

जिला जेल होशियारपुर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान अमन लोई के रूप में हुई है, जो 56 दिन की पैरोल खत्म होने के बाद बीती शाम ही जेल वापस लौटा था। परिजनों के अनुसार, अमन बुधवार शाम करीब 6 बजे पूरी तरह स्वस्थ हालत में जेल गया था। लेकिन गुरुवार सुबह जेल प्रशासन की ओर से सूचना मिली कि उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के पिता मनजीत सिंह ने बताया कि जब वे परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचे तो वहां अमन मृत अवस्था में मिला। इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। परिजनों ने सवाल उठाते हुए कहा कि जो युवक एक दिन पहले तक बिल्कुल ठीक था, वह कुछ ही घंटों में कैसे दम तोड़ सकता है। उन्होंने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप



लगाते हुए कहा कि इस मामले में लापरवाही या किसी साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता। परिवार का कहना है कि यदि समय पर उचित इलाज और निगरानी मिलती तो अमन



की जान बचाई जा सकती थी। घटना के बाद परिजनों में भारी रोष है और उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो सके। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। इस घटना ने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनके जवाब अभी मिलना बाकी हैं।

# एचडीसीए की भूमिका शर्मा का अंडर-17 पंजाब कैंप के लिए हुए चयनः डा. रमन घई

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**हैप्पी कलेर**

एचडीसीए सेंटर में प्रशिक्षण ले रही सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेलवे मंडी की सातवीं कक्षा की भूमिका शर्मा का पंजाब स्कूल अंडर-17 महिला कैंप के चयन से होशियारपुर की युवा महिला क्रिकेटरों के लिए गौरव की बात है। इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा खरड़ मोहाली में लगाए जाने वाले सात दिवसीय पंजाब अंडर-17 स्कूल कैंप में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तरीय कोच प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने बताया कि इस कैंप में बढ़िया प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों का पंजाब अंडर-17 स्कूल महिला क्रिकेट टीम में नैशनल टूर्नामैंट के लिए चयन किया जाएगा। डा. घई ने बताया कि 12 वर्षिय भूमिका शर्मा होशियारपुर की युवा होनहार क्रिकेट खिलाड़ी है तथा जिस मेहनत व लग्न से वह एचडीसीए के जिला महिला सीनियर कोच दविंदर कौर कल्याण व जूनियर कोच निकिता कुमारी की देखरेख में प्रशिक्षण ले रही है, आने वाले समय में




वह क्रिकेट में होशियारपुर का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगी। भूमिका शर्मा के चयन पर एचडीसीए अध्यक्ष डा. दलजीत खेला, जिला कोच दलजीत सिंह, कोच परवीन कुमार, कोच दलजीत धीमान, कोच दिनेश शर्मा, कोच पंकज पिंका आदि ने भी अपनी शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि एचडीसीए सेंटर रेलवे मंडी में जो खिलाड़ी होशियारपुर जिले से प्रशिक्षण लेना चाहते हैं उन्हें बिलकुल निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है तथा पूरे साल में खिलाड़ी यहां आकर क्रिकेट की बारीकियां बीसीसीआई के राष्ट्रीय कोचों की देखरेख में सीखकर क्रिकेट में अपना और होशियारपुर का नाम रोशन कर सकते हैं।

# डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रौड़ी के शिक्षा क्षेत्र में बड़े कदम, गढ़शंकर में करोड़ों के प्रोजेक्ट का उद्घाटन

## गांवों के स्कूलों को मिल रही शहर जैसी सुविधाएं, आधुनिक लैब और क्लासरूम बने आकर्षण का केंद्र



**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**मोहित हीर**

पंजाब के होशियारपुर जिले के गढ़शंकर हलके में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए डिप्टी स्पीकर एवं विधायक जय कृष्ण सिंह रौड़ी लगातार बड़े कदम उठा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को उन्होंने सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नंगल खुर्द में तीन आधुनिक लैब और एक नए क्लासरूम का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा करीब 50 लाख रुपए की ग्रांट जारी की गई है, जिससे स्कूल के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है और छात्रों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और गांवों के स्कूलों को भी शहरों के बराबर सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने अभिभावकों और ग्रामीणों से बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील भी की।

**मजारा डिंगरियां में भी विकास की रफ्तार तेज**

नंगल खुर्द के साथ-साथ गांव मजारा डिंगरियां में भी बड़े स्तर पर विकास कार्य किए गए। यहां तीन साइंस लैब, एक इंटीग्रेटेड साइंस लैब और दो नए क्लासरूम का उद्घाटन किया गया। इन प्रोजेक्ट्स पर करीब 62.92 लाख रुपए खर्च किए गए हैं, जिससे शिक्षा का स्तर और बेहतर होने की उम्मीद है।

**कार्यक्रम में उमड़ी भीड़, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता दिल**

इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन बलदीप सिंह, ओएसडी चरणजीत सिंह चन्नी, शिक्षा कोऑर्डिनेटर सोहन सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सतवंत सिंह ने किया। समारोह में ब्लॉक समिति और जिला परिषद सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुंचे। स्कूल के प्रिंसिपल जर्नैल सिंह ने सभी मेहमानों का धन्यवाद किया और स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अंत में डिप्टी स्पीकर ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बेहद जरूरी है और सरकार इस दिशा में आगे भी बड़े कदम उठाती रहेगी।

# 95.2% अंकों के साथ लवप्रीत सिंह ने स्कूल में से मारी बाजी

## सेंट सोल्जर स्कूल में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**जनगाथा न्यूज/गढ़दीवाला**
**रूपिंदर**

सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणामों में सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल गढ़दीवाला का नतीजा शत-प्रतिशत रहा। इन नतीजों में टॉप करने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए प्रिंसिपल रूपिंदरजीत सिंह ने कहा कि स्कूल के करीब 60 छात्रों ने परीक्षा दी थी और सभी छात्र अच्छे नंबरों से पास हुए है। लवप्रीत सिंह ने 95.2% अंक लेकर स्कूल में से बाजी मारी है। इसके अलावा छात्रा हरमनजोत कौर ने 90.8% के साथ दूसरा और महक ने 90.6% के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। प्रिंसिपल रूपिंदरजीत सिंह ने इस शानदार नतीजों का श्रे अध्यापकों की कड़ी



मेहनत, छात्रों की लगन से पढ़ाई और अभिभावकों के सहयोग को देते हुए इस सफलता के लिए समूह स्कूल स्टाफ, बच्चों और उनके माता-पिता को बधाई दी। उन्होंने छात्रों का मूंह मीठा करवाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस खुशी के मौके पर स्कूल स्टाफ और बच्चों के माता-पिता मौजूद थे।

# हवन-पूजन के समय बीच में कभी न उठें

## भंग हो सकती है घर की सुख शांति

सनातन धर्म में पूजा, व्रत, यज्ञ को करने के लिए नियम बनाए गए हैं. आमतौर पर देखा जाता है कि लोग पूजा या फिर यज्ञ के दौरान आहुति देते समय उठ खड़े होते हैं. अगर आप दृढ़ संकल्प के साथ पूजा, व्रत, यज्ञ कर रहे हैं तो चाहे समस्या कितनी भी कठिन या जटिल क्यों न हो, पूजा स्थल को न छोड़ना एक नियम है. अगर आप इस तरह की चीजें करते हैं तो पूजा पूरी नहीं होती है. यह जानकारी प्रसिद्ध ज्योतिषी डॉ. बसवराज गुरुजी ने दी है. उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि पूजा के समय एकाग्र होकर ईश्वर में लीन होना चाहिए.



गुरुजी कहते हैं कि बहुत से लोग फोन कॉल, वीआईपी के आगमन या अन्य कारणों से होम और यज्ञ के दौरान उठकर बातें करने लगते हैं. ऐसे समय में पूजा पूर्ण नहीं हो पाती. इतना ही नहीं, घर पर गणपति होम, मृत्युंजय होम, सत्यनारायण होम, सुदर्शन होम, नवग्रह होम, आयुष होम जैसे किसी भी होम को करते समय, भले ही पुजारी कुछ मिनटों का विराम दे, होम करने वाले व्यक्ति को यज्ञशाला से बाहर नहीं जाना चाहिए. इससे पूजा की पवित्रता और संकल्प भंग होता है.

**माता सीता से जुड़ा है प्रसंग** – उन्होंने बताया कि इसका एक उदाहरण रामायण में सीता देवी की कथा है. कहा जाता है कि वाल्मीकि आश्रम में उपवास के दौरान सीता देवी को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा क्योंकि वे बीच में ही उठकर थोड़ा आगे चली गई थीं. अतः किसी भी उपासना या उपवास के दौरान आस्था, भक्ति, दृढ़ संकल्प, उपवास विधि और अनुशासन आवश्यक हैं. इन्हीं का पालन करने पर उपवास पूर्ण होता है.

### यज्ञ के बीच में किसी और को नहीं बैठाना चाहिए

गुरुजी का कहना है कि गृह प्रवेश जैसे बड़े समारोहों में या धनी और राजनीतिज्ञों द्वारा की जाने वाली पूजाओं में भी, कुछ लोग उठकर बीच में घूमने लगते हैं. इससे पूरी पूजा व्यर्थ हो जाती है और उसका कोई फल नहीं मिलता. यदि किसी अपरिहार्य कारण से उपासक को उठकर जाना पड़े, तो उसे पूजा में शुरू से शामिल रहे किसी अन्य व्यक्ति को पूजा पूरी करने देना चाहिए. बीच में किसी और को नहीं बैठाया जा सकता. गुरुजी ने सलाह दी है कि प्रत्येक को धर्म के अनुसार चीजों का अनुसरण किया जाना चाहिए.

# हर साल घटता-बढ़ता है शिवलिंग, क्या है अमरनाथ धाम का रहस्य ?




हिमालय की गोद में स्थित बाबा बर्फानी के दर्शन की आस लगाए भक्तों के लिए बड़ी खुशखबरी है. साल 2026 की अमरनाथ यात्रा की तारीखों का ऐलान हो चुका है. इस साल यह पावन यात्रा 3 जुलाई 2026 से शुरू हो रही है. लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि अमरनाथ गुफा में बनने वाला वह पवित्र शिवलिंग चंद्रमा की कलाओं के साथ घटता-बढ़ता क्यों है? आइए जानते हैं इसके पीछे की आस्था और विज्ञान के अद्भुत संगम के बारे में.

### क्या है बर्फ के शिवलिंग का रहस्य?

अमरनाथ गुफा में बनने वाला शिवलिंग पूरी तरह प्राकृतिक है, जो बर्फ की बूंदों के जमने से तैयार होता है. गुफा की छत से टपकने वाला पानी बेहद ठंडे तापमान में जमकर धीरे-धीरे शिवलिंग का आकार ले लेता है. धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह शिवलिंग चंद्रमा की कलाओं के अनुसार घटता-बढ़ता है. पूर्णिमा के समय इसका आकार सबसे बड़ा होता है, जबकि अमावस्या के आसपास यह छोटा हो जाता है. भक्त इसे भगवान शिव का दिव्य चमत्कार मानते हैं.

### आस्था बनाम विज्ञान

जहां एक ओर श्रद्धालु इसे भगवान शिव की कृपा और चमत्कार मानते हैं, वहीं वैज्ञानिक इसे प्राकृतिक प्रक्रिया बताते हैं. विज्ञान के अनुसार, गुफा के अंदर तापमान, नमी और पानी के जमने-पिघलने की प्रक्रिया इस बदलाव के पीछे का कारण है. हालांकि, यह बातें लोगों की आस्था को कम नहीं कर पाती, क्योंकि सदियों से यह परंपरा और विश्वास का केंद्र बना हुआ है.



### अमरनाथ यात्रा का धार्मिक महत्व

अमरनाथ धाम को भगवान शिव के सबसे पवित्र स्थलों में गिना जाता है. मान्यता है कि यहीं भगवान शिव ने माता पार्वती को अमरत्व का रहस्य बताया था.

इसी कारण इस गुफा को अमर कथा का स्थान भी कहा जाता है. हर साल लाखों श्रद्धालु कठिन पहाड़ी रास्तों को पार कर बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं.

### क्यों खास है अमरनाथ धाम?

अमरनाथ धाम सिर्फ एक तीर्थ स्थल नहीं, बल्कि आस्था, रहस्य और प्रकृति का अद्भुत संगम है.

यहां का शिवलिंग जहां एक ओर वैज्ञानिक दृष्टि से एक प्राकृतिक घटना है, वहीं दूसरी ओर यह करोड़ों लोगों की अटूट श्रद्धा का प्रतीक भी है.

यही वजह है कि हर साल लाखों श्रद्धालु इस कठिन यात्रा को पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ करते हैं.

### अमरनाथ यात्रा 2026 कब से शुरू है?

इस साल अमरनाथ यात्रा 2026 की शुरुआत 3 जुलाई 2026 से होगी, जो 28 अगस्त 2026 (रक्षा बंधन) तक चलेगी. यात्रा के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुका है. श्रद्धालु ऑनलाइन और अधिकृत बैंकों के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं.



# हिंदू धर्म में 33 करोड़ देवी-देवता, फिर क्यों बनाना चाहिए एक ईष्टदेव?

सनातन संस्कृति में 33 करोड़ देवी-देवताओं की पूजा संभव है, लेकिन एक ईश्वर को ईष्टदेव बनाने से जीवन को महान अर्थ मिलता है. यह कहना है प्रख्यात ज्योतिषी और वास्तुकार डॉ. बसवराज गुरुजी का.

उन्होंने कहा कि बिजनेस, शास्त्र, चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में अलग-अलग देवताओं की पूजा करना प्रथागत है, लेकिन ईष्टदेव समग्र रूप से शुभता प्रदान करते हैं.

गुरुजी ने बताया कि सर्वदेव नमस्कारः केशवं प्रति गच्छति, यानी भले ही हम सभी देवताओं को प्रणाम करें, फिर भी अपने हृदय में एक ईश्वर को स्थायी रूप से स्थापित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है. यह हमारी आध्यात्मिक यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. एकदेववासना, एकं सत् विप्रा बहुधा वदन्ति के समान है, जिसका अर्थ है कि सत्य एक है, परन्तु ज्ञानी उसे अनेक नामों से पुकारते हैं. इससे हमारी एकाग्रता और आस्था बढ़ती है और जीवन में आने वाली बाधाओं और कर्मों को सुधारने का मार्ग मिलता है.

'कर्मों का फल जीवन को देता है आकार'

उन्होंने कहा कि किसी भी देवता को चुनें, चाहे वो गणपति, शिव, विष्णु, वेंकटेश्वर, कृष्ण हों उन्हें अपना कुलदेव या प्रिय देवता मानें और नियमित रूप से उनके नाम का जाप, दर्शन और पूजा करें. एक ही देवता का बार-बार जाप और पूजा करना बेहतर है. यद्यपि सभी देवताओं के दर्शन और पवित्र जल ग्रहण किया जा सकता है, लेकिन एक देवता के प्रति वैसी ही गहरी श्रद्धा रखना आवश्यक है जैसी मां और बच्चे के बीच होती है. यह किसी एक वर्ष एक देवता की पूजा करने और अगले वर्ष दूसरे देवता की पूजा करने जैसा नहीं है.

# 180 रन पर सिमटी कोलकाता नाइट राइडर्स



आईपीएल 2026 के 25वें मुकाबले में आज गुजरात टाइटंस की टक्कर कोलकाता नाइटराइडर्स से हो रही है। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। केकेआर के कप्?तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी है। कोलकाता 19वें सीजन में अब तक कोई मुकाबला नहीं जीत पाई है। ऐसे में अजिंक्य रहाणे आज जीत का खाता खोलना चाहेंगे। दूसरी ओर पहले 2 मैच में हार के बाद गुजरात टाइटंस ने जोरदार वापसी की। ऐसे में शुभमन गिल की नजर जीत की हैट्रिक लगाने पर है।

**कैमरन ग्रीन शतक से चूके**

**रहाणे का नहीं खुला खाता**

कोलकाता टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी। टिम सीफर्ट और कप्तान अजिंक्य रहाणे मैदान पर आए। रहाणे को पहले ही ओवर में मोहम्मद सिराज ने पवेलियन भी भेज दिया।

उनका खाता तक नहीं खुला और वह पहली गेंद पर आउट हुए। रबाडा ने उनका कैच लिया। अब अंगकृष रघुवंशी मैदान पर आए हैं।

## प्रभसिमरन सिंह को छुट्टियों में किसने किया तैयार, जो ठोक दिए हैं 11 छक्के और 211 रन



आईपीएल के जरिए कई खिलाड़ियों ने पिछले कुछ सालों में टीम इंडिया में अपनी जगह बनाई है और उसका नतीजा लगातार 2 टी20 वर्ल्ड कप खिताबों के रूप में दिखा है. मगर फिर भी कई खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्हें टीम इंडिया में भले ही जगह न मिले लेकिन सीजन दर सीजन उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है. पंजाब किंग्स के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह उन्हीं खिलाड़ियों में से हैं, जिन्होंने अपनी बैटिंग को पिछले 2-3 सीजन में नए स्तर पर पहुंचाया है. इसका सबसे ताजा उदाहरण मुंबई इंडियंस के खिलाफ नजर आया, जहां उन्होंने 80 रनों की धुआंधार पारी खेलकर टीम को आसानी से जीत दिला दी.

पिछले साल पंजाब किंग्स के फाइनल तक पहुंचने में बड़ी भूमिका निभाने वाले प्रभसिमरन ने उसी फॉर्म को आईपीएल 2026 में भी जारी रखा है और पहले मैच से ही रन बरसा रहे हैं. मगर उनका सबसे विस्फोटक अंदाज वानखेडे स्टेडियम में दिखा, जहां दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, हार्दिक पंड्या और शार्दुल ठाकुर जैसे अनुभवी और धुरंधर गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए सिर्फ 39 गेंदों में नाबाद 80 रन ठोके और टीम को 16.3 ओवर में ही 196 रन के लक्ष्य तक पहुंचा दिया.

**हर मैच के साथ दिख रहा असर**

मगर सिर्फ कहने से कुछ नहीं होता, उसे करके भी दिखाना होता है. युवराज ने उन्हें क्या-क्या बारीकियां बताईं, इसका खुलासा तो प्रभसिमरन ने नहीं किया लेकिन इसका असर होता दिख रहा है. उन्होंने अभी तक 4 पारियों में बैटिंग की है और हर पारी में उनका स्कोर बढ़ा ही है. पहले मैच में 37 रन बनाने के बाद अगली पारी में उन्होंने 43 रन बनाए और फिर तीसरा मौका मिलने पर प्रभसिमरन ने 51 रन की पारी खेली थी. अब 80 रन की सबसे लंबी पारी उन्होंने इस सीजन में खेलकर दिखाई है. कुल मिलाकर आईपीएल 2026 में अभी तक इस बल्लेबाज ने 70 की औसत और 173 के स्ट्राइक रेट से 211 रन बना लिए हैं, जिसमें 22 चौके और 11 छक्के शामिल हैं. साफ है कि आने वाले दिनों में ये नंबर तेजी से आगे बढ़ेंगे.

### छुट्टियों में किसने किया प्रभ को तैयार?

प्रभसिमरन पिछले सीजन में भी दमदार बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन इस बार वो और भी ज्यादा आक्रामकता और स्थिरता के साथ खेल रहे हैं. इसकी वजह भी सीजन शुरू होने से पहले की गई मेहनत है, जिसमें प्रभसिमरन ने एक बार फिर दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह से मदद ली. पहले भी कई बार युवराज की निगरानी में अपने खेल को संवार चुके प्रभ ने मैच के बाद इसका खुलासा किया. पंजाब के ओपनर ने कहा कि क्रीज पर देर तक टिके रहने के लिए उन्होंने ऑफ-सीजन में काफी मेहनत की थी. प्रभसिमरन ने बताया, ऑफ सीजन में मैंने एकेडमी में युवराज सिंह के साथ काफी काम किया. उन्होंने मुझे समझाया कि मेरे पास काफी वक्त रहता है और इसलिए मुझे लंबी बैटिंग करनी चाहिए.

# भारतीय क्रिकेट का नया चेहरा... वैभव सूर्यवंशी पर बड़ी भविष्यवाणी, लेकिन मिली ये चेतावनी



आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के सनसनीखेज बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत को चौंका रखा है. वैभव सूर्यवंशी एक से बड़े एक पारियां खेल रह हैं, जो बड़े-बड़े गेंदबाजों पर भारी पड़ रही हैं. पूर्व आईपीएल चेयरमैन ललित मोदी भी इस युवा खिलाड़ी के कायल हो गए हैं. ललित मोदी ने वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की है और दावा किया है कि 15 साल का यह खिलाड़ी भविष्य में भारतीय क्रिकेट का चेहरा बनेगा.

**ललित मोदी की बड़ी भविष्यवाणी**

ललित मोदी ने हाल ही में माइकल वॉन के साथ एक पॉडकास्ट में बातचीत करते हुए वैभव की तारीफों के पुल बांध दिए. उन्होंने कहा कि जब उन्होंने पहली बार इस बच्चे को बल्लेबाजी करते देखा तो उन्हें लगा कि वह सपना देख रहे हैं. ललित मोदी ने कहा, 'इस छोटे बच्चे को देखो. सूर्यवंशी को देखो. मैं अब आपको बता सकता हूं कि यह बच्चा भविष्य में इंडियन क्रिकेट का नया चेहरा बनेगा. इस बच्चे में कितना कॉन्फिडेंस है. उसके चेहरे में कितना कॉन्फिडेंस है.' ललित मोदी ने वैभव को सही तरीके से मैनेज करने की सलाह देते हुए कहा, 'आने वाले समय में क्रिकेटरों के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि हम उन्हें कैसे मैनेज करते हैं, उन्हें कैसे तैयार करते हैं और यह कैसे पक्का करते हैं कि यह अगली घड़ी और अगली फरारी के बारे में न हो और ऐसा बहुत से प्लेयर्स के साथ हुआ है. IPL ने बहुत सारे मॉन्स्टर्स बनाए हैं लेकिन इसने कुछ बेहतरीन प्लेयर्स भी बनाए हैं.'

**बल्लेबाजी देखकर नहीं हुआ यकीन**

ललित मोदी ने वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी के बारे में कहा, 'मैंने इस बच्चे को हिट करते देखा तो मैंने सोचा यह मुमकिन नहीं है. मैंने गूगल किया, लोगों को फोन किया और पूछा, क्या यह सच है या कोई कहानी बना रहा है? तब मुझे मैसेज मिलने लगे और मैंने कहा कि मैं खुद देख रहा हूं. इस लड़के ने सबको पीछे छोड़ दिया.'

बता दें, आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी अभी तक 5 मैच खेल चुके हैं, इस दौरान उन्होंने 40.00 की औसत से 200 रन बनाए हैं. जिसमें 2 अर्धशतक भी शामिल हैं. खास बात ये है कि उन्होंने ये रन 263.15 की स्ट्राइक रेट से बनाए हैं और वह ऑरेंज कैप की रेस में भी बने हुए हैं, जिसमें विराट कोहली जैसे दिग्गज शामिल हैं.

# नगर निगम चुनाव के लिए अकाली दल तैयार, सभी वार्डों में लड़ेगे चुनाव-लाली बाजवा

## पार्टी नेताओं के साथ मीटिंग, लोगों को लामबंद करेंगा अकाली दल

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर रविंदर**

शिरोमणि अकाली दल ने आने वाले नगर निगम चुनाव के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं, आज पार्टी के जिला अध्यक्ष शहरी जतिंदर सिंह लाली बाजवा के घर पर पार्टी नेताओं की एक अहम मीटिंग हुई जिसमें लाली बाजवा ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि पार्टी नगर निगम होशियारपुर के सभी 50 वार्डों में अपने उममीदवार उतारेगा और यह चुनाव पूरी ताकत से लड़ेगा और जीत दर्ज की जाएगी। इस मौके पर हलका इंचार्ज संजीव तलवाड़ भी मौजूद थे। मीटिंग को संबोधित करते हुए जतिंदर सिंह लाली बाजवा ने आगे कहा कि अकाली दल हमेशा लोगों की उममीदों पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि हर वार्ड में पार्टी के मजबूत और जमीन से जुड़े उममीदवार चुनाव लडने के लिए तैयार हैं और वे घर-घर जाकर लोगों को लामबंद कर रहे हैं। लाली बाजवा ने कहा कि आने वाले दिनों में हर वार्ड में मीटिंग का दौर चलेगा। उन्होंने कहा कि लोग अच्छी तरह जानते हैं कि अकाली दल की सरकार के दौरान जो विकास हुआ, वह



किसी और पार्टी की सरकार ने नहीं किया और न ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने चुनावों के लिए एक योजना तैयार की है और हर वार्ड में अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं, जोचुनाव कैंपेन को आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि शहर के लोग मौजूदा सरकार से नाखुश हैं और बदलाव चाहते हैं, जिसके लिए अकाली दल ही विकल्प है। इस मौके संजीव तलवाड़ ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए वर्करों की भूमिका सबसे अहम है और इसके लिए हर वर्कर को अपनी जिमेवारी समझते हुए कड़ी मेहनत करनी होगी। इस मौके पर बरिंदर सिंह परमार, हरिंदरपाल सिंह झिंगड़, राणा रणबीर सिंह, प्रेम सिंह पिपलांवाला, रणधीर सिंह भारज, संतोख सिंह औजला, बिक्रमजीत सिंह कलसी, बलराज सिंह चौहान, तजिंदर सिंह तेजी, शमशेर सिंह भारद्वाज, दविंदर सिंह बैंस, रविंदरपाल सिंह सैनी, पुनीतइंदर कंग, सुखजिंदर औजला, इंदरजीत सिंह कंग, हरजी बाजवा, गुरिंदर गोल्डी, लवली पहिलवान, गुरिंदर गोल्डी, सतविंदर कालिया, सरबजीत सिंह बडवाल, हरभजन सिंह धालीवाल, कुलदीप सिंह बजवाड़ा, हरजाप सिंह मक्खन, जपिंदरपाल सिंह अटवाल, परमजीत कल्याण, गुरप्रीत कोहली, सरबजीत सिंह साबी, कुलबीर सिंह, भूपिंदरजीत सिंह, भूपिंदरपाल चड्ढा, मक्खन सिंह, राजिंदर सिंह, कौशिक अरोड़ा, डेवी भारज, मंदीप जसवाल, जतिंदर रेहल, संजय कुमार भी मौजूद थे।

# डेंगू पर वार अभियान के तहत जागरूकता टीमों को मोहल्लों में किया गया रवाना

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर रविंदर**

स्वास्थ्य विभाग पंजाब के दिशा-निदेर्शों के अनुसार सिविल सर्जन डॉ. मनदीप कमल के नेतृत्व में हरह शुक्रवार डेंगू पर वारह अभियान के तहत जिले में डेंगू विरोधी गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को होशियारपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू जागरूकता, लार्वा जांच और स्प्रे के लिए टीमों को रवाना किया गया।

सिविल सर्जन डॉ. मनदीप कमल ने टीमों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी विभिन्न इलाकों में जाकर गतिविधियों की निगरानी करेंगे। यह अभियान जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. जगदीप सिंह की देखरेख में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कूलरों में मिलने वाले डेंगू लार्वा की पहचान नर्सिंग विद्यार्थियों को भी करवाई जाएगी, ताकि उन्हें प्रशिक्षित किया जा सके और मौके पर ही लार्वा नष्ट किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग डेंगू से बचाव के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है और आने वाले हफ्तों में भी यह अभियान जारी रहेगा। जिले में सर्वे, फॉगिंग, स्रोत नियंत्रण और जागरूकता गतिविधियों को और तेज किया जाएगा, ताकि डेंगू व चिकनगुनिया के खतरे को



कम किया जा सके। जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. जगदीप सिंह ने बताया कि टीमें घर-घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक करेंगी और पर्चे भी वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, जो साफ पानी में पनपता है और दिन के समय काटता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कूलर, गमले, ट्रे और अन्य स्थानों पर खड़ा पानी जमा न होने दें, पानी की टंकियों को ढककर रखें और मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी व रिपेलेंट का उपयोग करें। इस मौके पर जिला मास मीडिया अधिकारी तरसेम लाल, डिप्टी मास मीडिया अधिकारी रमणदीप कौर, रविंदर जस्सल, सुपरिटेंडेंट संजीव कुमार, एएमओ सोमनाथ, हेल्थ इंस्पेक्टर तरसेम सिंह, विशाल पुरी, जसविंदर सिंह, रणजीत सिंह, बसंत कुमार, पीएटू सिविल सर्जन सतपाल सहित मल्टीपरपज हेल्थ वर्कर और नर्सिंग विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गुड़ और शक्कर के सैंपल लिए, मिलावट पर होगी सख्त कार्रवाई

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर रविंदर**

स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शों पर जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए अभियान जारी है। इसी दौरान शिकायत के आधार पर गांव डविंडा अहीराना स्थित एक गुड़ इकाई से गुड़ और शक्कर के सैंपल लेकर लैब जांच के लिए भेजे गए। डॉ. जतिंदर भाटिया ने बताया कि रिपोर्ट में मिलावट पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ फूड सेफ्टी



एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गुड़ निमार्ताओं को चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की मिलावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फूड सेफ्टी अधिकारियों ने सभी फूड बिजनेस ऑपरेटर्स को लाइसेंसिंग, स्वच्छता और तय मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। वहीं आम जनता से भी अपील की गई कि संदिग्ध खाद्य पदार्थों की सूचना तुरंत विभाग को दें।